# ऑस्ट्रेलिया महिला टीम 3-1 से जीती सीरीज

## भारतीय महिला टीम ने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 20 मई. उद्धव दास मेहता ( भाई जी ) केंद्रीय साई सेंटर में पिछले कुछ दिनों से सिर्फ हॉकी नहीं खेली जा रही थी, बल्कि दो देशों के युवा खिलाड़ियों के बीच सीख, सम्मान और दोस्ती का एक सुंदर रिश्ता भी बन रहा था. भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के बीच खेली गई चार मैचों की सीरीज़ बुधवार को यादगार अंदाज़ में समाप्त हुई. आखिरी दिन बुधवार को भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने रोमांचक मुकाबले में 3-3 की बराबरी हासिल की.**

भारतीय महिला टीम ने अंतिम मैच पूरे आत्मविश्वास के साथ खेला. ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन कप्तान स्वीटी कुजूर ने 13वें मिनट में गोल कर टीम को नई ऊर्जा दी. इसके बाद दिया, प्रियंका मिंज और नौशीन नाज़ ने गोल कर भारत को शानदार जीत दिलाई. सीरीज़ भले ही ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती, लेकिन आखिरी मैच में भारतीय बेटियों ने अपने खेल से मजबूत संदेश दिया कि वे एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं.



### भारत-ऑस्ट्रेलिया 18 हॉकी सीरीज : 3-3 की बराबरी पर रहीं दोनों पुरुष टीम

पुरुष टीम का मुकाबला भी बेहद दिलचस्प रहा. करण गौतम और बेन सिद्धार्थ ने भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई. दूसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने स्कोर बराबर किया, लेकिन तीसरे क्वार्टर में कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल कर भारत को फिर आगे कर दिया. अंतिम तीन मिनट में ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी कर ली और मुकाबला 3-3 पर समाप्त हुआ. भारत ने सीरीज़ में एक जीत, दो ड्रॉ और एक हार के साथ संतुलित प्रदर्शन किया.

भारतीय पुरुष टीम के कप्तान केतन कुशवाहा ने कहा कि यह सीरीज़ टीम के लिए बहुत उपयोगी रही. शुरुआती हार के बाद खिलाड़ियों ने निराश होने के बजाय और मेहनत की, आपस में बेहतर तालमेल बनाया और हर मैच के साथ अपना खेल सुधारा. उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा और टीम को अपनी कमियों पर काम करने का अच्छा अवसर मिला. इस पूरी सीरीज़ में भारतीय टीमों के प्रदर्शन के पीछे कोचों की मेहनत भी साफ दिखाई दी. भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच सरदार सिंह और महिला टीम की मुख्य कोच रानी रामपाल ने खिलाड़ियों को लगातार मार्गदर्शन दिया. उनकी योजना और तैयारी का असर अंतिम मुकाबलों में स्पष्ट नजर आया. ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी इज़्ज़ी वर्कमैन ने भारतीय आतिथ्य, दर्शकों के उत्साह और मुकाबलों के स्तर की खुलकर सराहना की. उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों की ड्रिब्लिंग और बुनियादी कौशल से प्रभावित दिखे. उन्होंने सांची स्तूप की यात्रा को इस दौरे की सबसे खूबसूरत यादों में शामिल बताया. भोपाल में खेली गई यह सीरीज़ केवल परिणामों के लिए नहीं, बल्कि उन अनुभवों के लिए याद रखी जाएगी, जो खिलाड़ियों के साथ लंबे समय तक रहेंगे. मैदान पर कड़ा मुकाबला था, लेकिन मैदान के बाहर मुस्कान, सम्मान और नई दोस्ती ,यही इस पूरी सीरीज़ की सबसे बड़ी जीत रही.

# विजेता टीम को मिलेगा एक लाख का इनाम

▸ नेहरू नगर में विधायक ट्रॉफी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट एक जून से

खेल प्रतिनिधि


**भोपाल 20 मई. राजधानी के नेहरू नगर मैदान पर एक जून से विधायक ट्रॉफी टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा. दूधिया रोशनी में खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में शहर की कुल 32 टीमें भाग लेंगी. प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा, जिनमें तीन खिलाड़ी बाहरी भी हो सकेंगे.**

टूर्नामेंट का आयोजन जनकल्याण सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा किया जा रहा है. समिति के संरक्षक एवं हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना है. सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे.

विजेता टीम को एक लाख रुपये नकद, उपविजेता को 51 हजार रुपये तथा आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी. इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज, विकेटकीपर और क्षेत्ररक्षक को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे. हर मैच में 'मैन ऑफ द मैच' सम्मान भी रहेगा. महिला वर्ग का एक मैत्री मैच भी होगा.

> टूर्नामेंट का उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )कृष्णा गौर करेंगी. विधायक सबनानी ने बताया कि नेहरू नगर मैदान को आधुनिक खेल सुविधाओं से विकसित किया जा रहा है. हाल ही में यहां फ्लडलाइट की व्यवस्था की गई है और खिलाड़ियों के लिए बेहतर अधोसंरचना तैयार की जा रही है. आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता से राजधानी के युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा.

## डॉ. जवाहर कर्नावट व्याख्यान के लिए कोलकाता आमंत्रित



**भोपाल.** देश की प्रख्यात संस्था भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता द्वारा शनिवार 23 मई को हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष की पूर्णता के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में भोपाल के लेखक डॉ. जवाहर कर्नावट को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है. 'हिंदी पत्रकारिता- अतीत और भविष्य' विषय पर आयोजित इस सेमिनार में डॉ. कर्नावट विदेश की 142 वर्षों की हिंदी पत्रकारिता पर अपने विचार व्यक्त करेंगे.

# शिवजी को बेलपत्र अर्पित करने से दूर होते हैं कष्ट : आचार्य विवेक

निज संवाददाता

**भोपाल, 20 मई. पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिन बुधवार को आचार्य विवेक महाराज ( वृंदावन ) ने भगवान शिव को अति प्रिय बेलपत्र की महिमा का वर्णन किया.**

उन्होंने कहा कि बेलपत्र भगवान शिव की भक्ति, समर्पण और कल्याण का सबसे सरल, सहज और पुण्यदायी साधन है. श्रद्धा और निष्काम भाव से अर्पित एक बेलपत्र भी भक्त के जीवन के पाप, कष्ट और संकटों का नाश कर उसे शिवकृपा का अधिकारी बनाता है. उन्होंने बताया कि बेलपत्र की तीन पत्तियां ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक मानी जाती हैं. इनका श्रद्धापूर्वक अर्पण करने से भक्त को सुख, शांति, समृद्धि और अंततः मोक्ष की प्राप्ति होती है. इस अवसर पर यजमान सुदेश-संगीता मालवीय, मुकेश मालवीय, विशाल मालवीय, मनोज मालवीय एवं कुंदन मालवीय ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन और महाआरती की.

# दुविधा से बचने संकल्पवान बनिए : श्याम जी मनावत

▸ मानस भवन में शिव महिमा प्रवचन माला का समापन

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 20 मई. राजधानी के मानस भवन में स्व. रामप्रकाश पुरी एवं राजरानी पुरी की स्मृति में आयोजित शिव महिमा प्रवचन माला का बुधवार को समापन हुआ.**

इस अवसर पर व्यास पीठ से पंडित श्याम जी मनावत ने कहा कि भगवान शिव की वंदना करते हुए बाबा तुलसीदास जी लिखते हैं... निजं निगुर्णं निर्विकल्पं निरिहं अर्थात शिव निर्विकल्प है. जीवन की कठिनाई यह है कि हमारे जीवन में बहुधा अनेक विकल्प होते हैं.और यह विकल्प बहुत दुविधा पैदा करते हैं. यदि जीवन में भ्रम, संदेह और दुविधा से बचना हो तो विकल्प समाप्त कीजिए और संकल्पवान बनिए. क्योंकि संकल्प का ही दूसरा नाम शिव है. उन्होंने कहा कि भारतीय कर्मकांड पद्धति में सबसे पहले संकल्प का ही विधान है. पूजा में हम पहले संकल्प लेकर बैठते हैं.

> **भगवान शिव का स्वरूप मंगलकारी : सिंह**
>
> भगवान शिव न्याय के देवता नहीं, कल्याण के देवता हैं क्योंकि न्याय में दोषी को दंड देना पड़ता है, परंतु भगवान शिव तो दोषी का भी कल्याण ही करते हैं. मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा भगवान शिव का स्वरूप मंगलकारी है. श्रद्धा के रूप में पार्वती जी हम सबके लिये प्रेरणा देती हैं कि हम देवाधिदेव की कृपा से अपने अंदर के दोषों को दूर करें, ताकि हम सबका मंगल हो सके.



# राष्ट्रीय थ्रोबॉल स्पर्धा के लिए टीम घोषित

**भोपाल, 20 मई. इंदौर में 21 से 23 मई तक 31 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ( बालक-बालिका ) एवं राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर वर्ग थ्रोबॉल स्पर्धा खेली जाएगी. इन प्रतियोगिताओं के लिए मप्र थ्रोबॉल एसोसिएशन के सचिव अविनाश बुरबुरे ने टीमों की घोषणा की.**

सब जूनियर बालक वर्ग के कप्तान अभिलाष सुल्ताने, बालिका वर्ग में मीनाक्षी राजपूत, वहीं सीनियर फेडरेशन कप के लिए महिला वर्ग में शोभा मस्कोले कप्तान होंगी. पुरुष वर्ग में विवेक कुशवाहा कप्तान नियुक्त किए गए.

**बालक वर्ग:** अभिलाष सुल्ताने (कप्तान), रोहित इंगले, वंश कछनारिया, अंकित पटेल, अनमोल रघुवंशी, राजीव मीना, रतन बंसल, हेमराव, मनीष, गीता प्रसाद यादव, बलराम बंसल, करन मालवीय, गौरव सेन, सतीश अहिरवार, पीयूष केवट.

**बालिका वर्ग:** मीनाक्षी सिंह राजपूत (कप्तान), आस्था रघुवंशी, ज्योति राजपूत, दीपिका वंशकार, प्रीति अहिरवार, अवनी ईमने, जानकी मसानी, परी वंशकार, अनुकषा अहिरवार, कृतिका तिवारी, अंशिका कछनारिया, आराध्या बोरकर.

**सीनियर वर्ग फेडरेशन कप:** विवेक कुशवाहा (कप्तान), मिथुन वर्मा, रजत कोवे, पवन तिवारी, चंद्रकांत हरडे, आकाश तायडे, देवेन्द्र अहिरवार, अनुराग द्विवेदी, अंकित जायसवाल, मयंक सिंह.

**सीनियर वर्ग महिला टीम:** शोभा सरेआम (कप्तान), आकृति पटेल, सुहाना खान, माया साहू, विधि चौहान, शीफा खान, सलोनी चौधरी, अदिति चौधरी, अनन्या पाटीदार, वैष्णवी गेहलोत, अनुष्का त्रिपाठी.

## एक नजर में



### मानव संग्रहालय में छाया चर्मपुतली 'राम' का प्रदर्शन

**भोपाल.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 'माह का प्रादर्श' श्रृंखला के अंतर्गत महाराष्ट्र की पारंपरिक छाया चर्मपुतली 'राम' का उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. पराग दुबे, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ. संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया. कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि शुक्ला ने बताया कि यह चर्मपुतली वर्ष 2005 में महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के पिंगुली गांव से संकलित की गई थी, यह ठाकर जनजाति की विलुप्तप्राय लोककला परंपरा का महत्वपूर्ण उदाहरण है. उन्होंने बताया कि 'चामड्याच्या बाहुल्या' परंपरा में चमड़े से बनी पुतलियों की छाया के माध्यम से रामायण के प्रसंगों का मंचन किया जाता है. पुतलियों को बकरी के चमड़े से तैयार किया जाता है.

### शिवाजी और वंदेमातरम हाउस की शानदार जीत

**भोपाल( खेल प्रतिनिधि ).** अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस रिटर्न लीग में बुधवार को खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला. अंडर-12 वर्ग में शिवाजी हाउस ने पृथ्वी हाउस को 8 विकेट से हराकर जीत दर्ज की. मैच की शुरुआत में पृथ्वी हाउस की टीम दबाव में नजर आई और सभी विकेट खोकर 55 रन ही बना सकी. आरांश शर्मा ने 11 और भूपेंद्र मेवाड़ा ने 9 रन बनाए. शिवाजी हाउस के आरव जाट ने गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, निर्भय सिंह ने 2 विकेट लिए. 56 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाजी हाउस ने आक्रामक शुरुआत की और सिर्फ दो विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. हर चौके पर दर्शकों की तालियों से मैदान गूंज उठा. ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए आरव जाट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. वहीं अंडर-14 मुकाबले में वंदेमातरम हाउस ने जयहिंद हाउस को 66 रनों से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए वंदेमातरम ने 134 रन बनाए. जवाब में जयहिंद की टीम 68 रन पर सिमट गई. वंदेमातरम के शानवी मंडलोई ने 4 विकेट झटके. उन्हें ईरनवीर सिंह के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया.



# बच्चों ने मिट्टी से शेर का मॉडल बनाना सीखा

▸ क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में कार्यशाला

**भोपाल, 20 मई. क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, भोपाल ने ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम हरित शावक के तहत बुधवार को मिट्टी से प्राणियों के मॉडल बनाने की कार्यशाला आयोजित की.**

कार्यशाला में संग्रहालय के मूर्तिकार अरविंद अनुपम ने बच्चों को मिट्टी से एशियाई सिंह (शेर) के चेहरे का मॉडल बनाना सिखाया. साथ ही उन्होंने बच्चों को बताया कि मॉडल बनाने के लिए तालाब की मिट्टी को अच्छी तरह से बारीक करने के बाद उसे छान लेना चाहिए. उस मिट्टी में उचित मात्रा में रेत तथा पानी मिलाते हुए गूंथने के पश्चात ही मॉडल बनाने के लिए उसका उपयोग करना चाहिए.बच्चों को नगर निगम के दानापानी (ईश्वर नगर) स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का भ्रमण कराया. यहां रीसाइक्लिंग हब के प्रभारी विशाल मैना ने बच्चों को गीला कचरा और सूखा कचरा अलग करने की प्रक्रिया के बारे में बताया.




## एम्स की छात्रा ने चीन में मातृ स्वास्थ्य पर प्रस्तुत किया शोध

**भोपाल( नवभारत न्यूज ).** एम्स भोपाल की एम.एससी. नर्सिंग की 2023 बैच की छात्रा प्रिया कुमारी ने चीन के बीजिंग में आयोजित 'एस्पायर 2026' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मातृ स्वास्थ्य से जुड़ा शोध प्रस्तुत किया. इस सम्मेलन में 60 से अधिक देशों के 3000 से ज्यादा विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने मातृ एवं प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की. छात्रा प्रिया कुमारी ने अपने शोध में बताया कि कि गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा की जाने वाली सकारात्मक गतिविधियां गर्भस्थ शिशु के साथ भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है.



# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : ओम जैन

▸ हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने साइट विजिट की

**भोपाल, 20 मई. हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने मंगलवार को अवधपुरी स्थित खजूरी कलां आवासीय प्रोजेक्ट की साइट विजिट की. इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये.**

निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को लेकर उन्होंने ठेकेदार और इंजीनियरों को निर्देश दिये कि इनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये. साइट पर काम कर रहे हर मजदूर का बीमा होना चाहिये. प्रोजेक्ट विजिट के बाद उन्होंने निर्देश दिये कि डिजाइन के स्तर पर और बेहतर काम किया जाये. ओम जैन ने प्रोजेक्ट की एसटीपी, पानी निकासी और पेय जल को लेकर जानकारी ली. ठेकेदार को काम और तेज करने के निर्देश दिये गये.

> - 26 एकड़ के खजूरी हाउसिंग प्रोजेक्ट में 3 बीएचके - 4 बीएचके के 147 डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स घर. अवधपुरी में 26 एकड़ में 'खजूरी हाउसिंग प्रोजेक्ट' निर्माणाधीन है. पिपलानी-रायसेन 4 लेन पर बने इस प्रोजेक्ट में कुल 147 मकान हैं. इसमें 3 बीएचके के 77 डुप्लेक्स, 48 ट्रिप्लेक्स 3 बीएचके और 22 ट्रिप्लेक्स 4 बीएचके के हैं. इस प्रोजेक्ट में मकानों की बुकिंग चल रही है.

**इस प्रोजेक्ट में 3 तरह के आवास**

- **एचआईजी डुप्लेक्स** - 77 मकान -1050 स्क्वॉयर फीट - 79.54 लाख से शुरू
- **एचआईजी ट्रिप्लेक्स** - 48 मकान-1100 स्क्वॉयर फीट - 89.20 लाख से शुरू
- **एचआईजी ट्रिप्लेक्स** -22 मकान -1250 स्क्वॉयर फीट - 99.73 लाख से शुरू

सांस्कृतिक कार्यक्रम ▸ 'प्रयास सीजन-3' में दिखी प्रतिभाओं की शानदार झलक

# 90 ' एस के गीतों पर थिरके बच्चे और मम्मियां

▸ रवीन्द्र भवन में प्रयास सीजन-3 कार्यक्रम

**भोपाल,20 मई. राजधानी के रवीन्द्र भवन में एवी स्टेप अप स्टूडियो द्वारा आयोजित 'प्रयास सीजन-3' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन स्टूडियो के फाउंडर अनूप वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ.इस आयोजन में महिलाओं और बच्चों सहित करीब 110 प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया.**



कार्यक्रम में 90 'एस के गीतों पर बच्चों और मम्मियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया. मंच पर सालसा, सेमी क्लासिकल, कंटेम्पररी, बॉलीवुड और हिप-हॉप डांस की आकर्षक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं.

आयोजन का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा.कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवॉर्ड, सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया. 'प्रयास सीजन-3' ने कला, मनोरंजन और प्रतिभा का शानदार संगम प्रस्तुत किया.